ब्रिटिश कोलंबिया

# K-12 अन्तर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए होमस्टे दिशानिर्देश

शिक्षा और बाल देखभाल मंत्रालय | 2024



BRITISH COLUMBIA

Ministry of Education and Child Care

# परिचय

## बी.सी. K-12 अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी होमस्टे दिशानिर्देशों के बारे में

**बी.सी. K-12 अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी होमस्टे दिशानिर्देशों का उद्देश्य बी.सी. K-12 होमस्टे क्षेत्र के लिए सुसंगत, प्रांतव्यापी सर्वोत्तम व्यवहार के मानक प्रदान करना है।**

यह दिशानिर्देश अक्टूबर 2014 और जून 2015 के बीच K-12 स्कूल जिलों, स्वतंत्र स्कूलों, शिक्षा मंत्रालय और बाल देखभाल प्रतिनिधियों के एक कार्यकारी समूह द्वारा विकसित किए गए थे। 2017 और 2023 में, होमस्टे के लिए प्रासंगिक अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा क्षेत्र में परिवर्तनों को समाहित करने के लिए K-12 और उत्तर-माध्यमिक प्रतिनिधियों सहित विस्तारित कार्य समूहों की मदद से दिशानिर्देशों को अद्यतन किया गया था। वे उद्योग के सर्वोत्तम व्यवहार पर आमतौर पर रखे जाने वाले दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं।





*शिक्षा और बाल देखभाल मंत्रालय 2023 कार्य समूह में भागीदारी के लिए निम्नलिखित संगठनों को स्वीकृत करना चाहता है:*

- **स्कूल जिला नंबर 6** *(रॉकी माउंटेन)*
- **स्कूल जिला नंबर 42** *(मेपल रिज-पिट मीडोज)*
- **स्कूल जिला नंबर 44** *(नॉर्थ वैंकूवर)*
- **स्कूल जिला नंबर 60** *(पीस रिवर नॉर्थ)*
- **स्कूल जिला नंबर 72** *(कैंपबेल रिवर)*
- **स्कूल जिला 73** *(कैमलूप्स-थॉम्पसन)*
- **हाईरोड अकादमी क्रिश्चियन स्कूल**
- **इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल एजुकेशन एसोसिएशन** *(IPSEA)*
- **फेडरेशन ऑफ इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन** *(FISA)*
- **ब्रिटिश कोलंबिया काउंसिल फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन** *(BCCIE)*
- **लैंगारा कॉलेज**

## होमस्टे और कानून

होमस्टे पर संघीय, प्रांतीय और नगरपालिका कानून लागू होते हैं। इस दस्तावेज में वर्णित प्रत्येक समूह की जिम्मेदारी है कि वह लागू कानून से परिचित हो। आवश्यकतानुसार कानूनी सलाह लेने के लिए प्रत्येक समूह जिम्मेदार हैं।



## इन दिशानिर्देशों का पालन किन्हें करना चाहिए

बी सी K-12 अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी होमस्टे दिशानिर्देश बी.सी. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम या स्कूलों और जिलों के साथ काम करने वाली पेशेवर होमस्टे कंपनियों द्वारा निर्धारित K-12 छात्रों के अल्पकालिक और दीर्घकालिक होमस्टे निवास पर विचार करते हैं।

यह दस्तावेज होमस्टे की व्यवस्था करने, काम करने या भाग लेने में शामिल समूहों के लिए छह खंडों में व्यवस्थित सर्वोत्तम व्यवहार मानक प्रदान करता है।

| समूह | | खंड |
|---|---|---|
| **होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता** | *कंपनियां या संगठन जो बी.सी. में K-12 होमस्टे प्लेसमेंट की व्यवस्था करते हैं।* | **खंड 1** |
| **अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम** | *बी.सी. स्कूल या जिले जो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों का नामांकन करते हैं* | **खंड 2** |
| **मेजबान परिवार** | *बी.सी. परिवार जो अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की मेजबानी करते हैं ('होमस्टे परिवार' के रूप में भी जाने जाते हैं)* | **खंड 3** |
| **K-12 अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी** | *K-12 विद्यार्थी जो आमतौर पर बी.सी. और कैनेडा के बाहर रहते हैं और वे बी.सी. में आकर K-12 अध्ययन कार्यक्रम में दाखिला लेते हैं* | **खंड 4** |
| **अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के माता-पिता/अभिभावक** | *अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के माता-पिता या कानूनी रूप से नियुक्त अभिभावक* | **खंड 5** |
| **अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी एजेंट** | *ऐसे व्यक्ति या कंपनियां जो अध्ययन के लिए उपयुक्त देश, शहर और स्कूलों का चयन करने में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की सहायता करती हैं* | **खंड 6** |

## ब्रिटिश कोलंबिया में होमस्टे के बारे में

ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत और बी.सी. स्कूल जिला और स्वतंत्र स्कूल अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम बी.सी. की विश्वस्तरीय शिक्षा, हमारे स्वागत करने वाले समुदायों और हमारे अविश्वसनीय प्राकृतिक वातावरण पर गर्व करते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि होमस्टे अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के अनुभव में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बी.सी. सभी छात्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले होमस्टे अनुभवों के लिए प्रतिबद्ध है।

**होमस्टे** - *अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम, या उसके प्रतिनिधियों द्वारा अध्ययन के दौरान अनुमोदित परिवार के साथ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी को घर देने के लिए एक औपचारिक व्यवस्था है। इस परिवार और इसके निवास दोनों को आमतौर पर 'होमस्टे' के रूप में जाना जाता है। बी.सी. के दिशानिर्देश इस परिवार को मेजबान परिवार के रूप में संदर्भित करते हैं। K-12 होमस्टे विद्यार्थी बी.सी. के बाहर का एक ऐसा नाबालिग बच्चा (यानी, 19 वर्ष से कम) है, जो भोजन, एक निजी कमरे, परिवार की सहायता और विभिन्न सांस्कृतिक अनुभवों के बदले में होमस्टे परिवार के साथ रहने के लिए शुल्क का भुगतान करता है।*



ब्रिटिश कोलंबिया में, स्कूल जिले और स्वतंत्र स्कूल ***तीन अलग-अलग प्रशासनिक*** मॉडल का उपयोग करके होमस्टे प्रदान करते हैं:

1. कुछ स्कूल जिले और स्वतंत्र स्कूल अपने स्वयं के होमस्टे कार्यक्रम चलाते हैं।
2. कुछ स्कूल और जिले अपने होमस्टे कार्यक्रमों के प्रशासन को अन्य होमस्टे प्रदाताओं के लिए अनुबंधित करते हैं।
3. स्कूल जिले या स्वतंत्र स्कूल अंतर्राष्ट्रीय माता-पिता और छात्रों के लिए होमस्टे कार्यक्रम प्रदाताओं की सूची रखते हैं।

हो सकता है कि ऐसी निजी कंपनियां या वेबसाइटें होमस्टे सेवा प्रदाता हों, जिनका K-12 स्कूल जिले या स्वतंत्र स्कूल के साथ संबंध नहीं हो। कुछ माता-पिता और/या अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी ऐसे होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता के साथ काम करने पर विचार कर सकते हैं या वैकल्पिक रूप से, विद्यार्थी को किसी रिश्तेदार या पारिवारिक मित्र के साथ रख सकते हैं। यह भी संभव है कि इन विकल्पों पर विचार करने वाले माता-पिता और अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी अपने निर्णय को अंतिम रूप देने से पहले स्कूल जिला या स्वतंत्र स्कूल अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम से परामर्श करना चाहें। अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम में इन स्थितियों से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नीतियां या जानकारी हो सकती है।

# दिशानिर्देश

*होमस्टे प्रोग्राम प्रदाता कोई ऐसा संगठन या कंपनी है जो होमस्टे की व्यवस्था करती है। कभी-कभी होमस्टे कार्यक्रम स्कूल या स्कूल जिले द्वारा प्रदान किया जाएगा। कभी-कभी प्रदाता एक तृतीय-पक्ष कंपनी या संगठन होगा।*

## **खंड 1:** होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता की जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय K-12 विद्यार्थियों के लिए हरसंभव प्रयास कर होमस्टे अनुभव को सर्वोत्तम बनाने के लिए, होमस्टे कार्यक्रम प्रदाताओं को चाहिए कि वे:

1. मेजबान परिवारों और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की उपयुक्तता निर्धारित करने के लिए होमस्टे स्क्रीनिंग प्रक्रिया का ध्यान रखें। मेजबान परिवार स्क्रीनिंग प्रक्रिया प्रकाशित की जानी चाहिए और इसमें शामिल होना चाहिए:
    A. *अनुसूचित मेजबान अभिभावक साक्षात्कार और गृह निरीक्षण। गृह निरीक्षण हर दो साल में कम से कम एक बार निर्धारित किया जाना चाहिए*
    B. *सभी वयस्क घरेलू सदस्यों के लिए हर तीन साल में कमजोर क्षेत्र की जांच के साथ अनुसूचित आपराधिक रिकॉर्ड की जांच*
    C. *मेजबान परिवार के माता-पिता के लिए संदर्भ जांच, जहां आवश्यक हो*
2. विद्यार्थी, माता-पिता/अभिभावक, संरक्षक और/या मेजबान परिवार के लिए उपयुक्त और अद्यतन व्यक्तिगत रिकॉर्ड/संपर्क जानकारी एकत्र करें, जिसमें शामिल हैं:
    A. *पहला और अंतिम कानूनी नाम (यानी, जैसा कि पासपोर्ट में लिखा गया है)*
    B. *लिंग*
    C. *आयु*
    D. *संबंधित चिकित्सा जानकारी*
    E. *निवास का देश*
    F. *पता*
    G. *संपर्क फोन नंबर और ईमेल पता*
3. सुनिश्चित करें कि होमस्टे प्रोग्राम प्रदाता द्वारा एकत्र किए गए सभी आंकड़े और वितरित कोई भी जानकारी गोपनीयता कानून की सुरक्षा का अनुपालन करते हों।
4. नए मेजबान परिवारों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ परिचित और समझ सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करें और नियमित मेजबान परिवारों के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ नवीनतम जानकारी रखने के लिए एक प्रक्रिया विकसित करें।
5. एक ही समय में एक मेजबान परिवार के साथ दो से अधिक अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को न रखें।
6. वयस्क और नाबालिग दोनों अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को एक ही घर में एक ही समय में रखने से बचें जब तक कि इस बात का कोई स्पष्ट तर्क न हो कि इससे छात्रों को कैसे लाभ होता है। ऐसी परिस्थितियों में जहां नाबालिग और वयस्क छात्रों को एक साथ रखा जाता है, नाबालिग विद्यार्थी के माता-पिता को स्थिति के बारे में सूचित किया जाना चाहिए।
7. मानकीकृत विद्यार्थी प्रोफाइल फॉर्म का उपयोग करके संभावित विद्यार्थी प्लेसमेंट के मेजबान परिवार को सूचित करें जिसमें आवास की तारीखें, विशेष आवश्यकताएं और प्रासंगिक चिकित्सा और व्यवहार के बारे मे पृष्ठभूमि शामिल हैं।
8. विद्यार्थी, स्कूल, मेजबान परिवार और माता-पिता/अभिभावक के साथ संपर्क करें और प्रत्येक को सहायता प्रदान करें।
9. नियमित रूप से अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों और मेजबान परिवारों के साथ संवाद करें।
10. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों और होमस्टे परिवारों के लिए 24 घंटे आपातकालीन संपर्क प्रदान करें।
11. गुणवत्ता आश्वासन और कार्यक्रम मूल्यांकन तंत्र को लागू करें और बनाए रखें।
12. मेजबान परिवार और अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी, दोनों को विवाद समाधान सेवाएं (*और आम सहमति तक पहुंचने का अवसर*) प्रदान करें।
13. होमस्टे से संबंधित स्पष्ट, प्रकाशित मानकों और प्रक्रियाओं को बनाए रखें, जिसमें सामने आने वाले मामलों में मेजबान परिवारों की बर्खास्तगी की प्रक्रियाएं और छात्रों को एक अलग मेजबान परिवार में स्थानांतरित करने की प्रक्रियाएं शामिल हैं।
14. मेजबान परिवारों और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों (और उनके माता-पिता) के लिए अलग-अलग संदर्भ नियमावली विकसित करें जो प्रासंगिक कानून, मानकों और प्रक्रियाओं का वर्णन करती हों। नियमावली में मेजबान परिवार और अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के होमस्टे अनुभव की पूरी श्रृंखला पर लागू मानक और प्रक्रियाएं होनी चाहिए।

15. स्पष्ट, प्रकाशित शुल्क की जानकारी बनाए रखें जिसमें शामिल हैं:
    - A. *समझौते की शर्तें - किसे और कब फीस का भुगतान होना है*
    - B. *प्रति दिन और मासिक होमस्टे शुल्क*
    - C. *शुल्क के साथ शामिल सेवाएं*
    - D. *अतिरिक्त शुल्क (उदाहरण के लिए एयरपोर्ट पिक-अप या ड्रॉप-ऑफ या स्टोरेज शुल्क)*
    - E. *धन वापसी की नीति*
16. सुनिश्चित करें कि प्रकाशित दस्तावेज और टेम्प्लेट लिंग-समावेशी भाषा का उपयोग करते हैं और जहां उपयुक्त हो, वहां कानूनी और तरजीही लोगों के नामों को शामिल किया जाए।
17. जहां भी, संभव और उपयुक्त हो, वहां अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी को उस व्यक्ति से संपर्क का अवसर दिया जाए जो विद्यार्थी की प्राथमिक भाषा बोल सकता हो। इसमें एजेंट, माता-पिता, या ऑनलाइन संचार के माध्यम से कोई अन्य संपर्क शामिल हो सकते हैं।
18. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम, मेजबान परिवार, संरक्षक या विद्यार्थी के माता-पिता/अभिभावक(कों) के साथ होमस्टे के दौरान उत्पन्न होने वाली चिकित्सा या मानसिक स्वास्थ्य चिंताओं को उपयुक्त रूप से साझा करें।
19. जैसा उपयुक्त हो, युवा होमस्टे विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त मानकों और प्रक्रियात्मक सहायता और आवश्यकताओं को प्रदान करें।
20. होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता की कानूनी सीमाओं को प्रकाशित करें।
21. निम्नलिखित संसाधनों के बारे में मेजबान परिवार के साथ रहने जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को सूचित करें:
    - A. ***बी.सी. हेल्पलाइन फॉर चिल्ड्रन (दूरभाष: 310-1234)***
      *यदि 19 वर्ष से कम उम्र के बच्चे या युवा के साथ दुर्व्यवहार या उपेक्षा की जा रही हो तो बच्चों के लिए बी.सी. हेल्पलाइन को रिपोर्ट करने के लिए कॉल की जा सकती है। बाल कल्याण कार्यकर्ता को अपनी चिंता की रिपोर्ट करना एक कानूनी कर्तव्य है*
    - B. ***किड्स हेल्प फोन (दूरभाष: 1-800-668-6868)***
      *परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करता है*
    - C. ***केल्टी मेंटल हैल्थ रिसॉर्स सेंटर (http://keltymentalhealth.ca)***
      *मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों, मादक पदार्थों के उपयोग, दवाओं और स्वस्थ जीवन के बारे में संसाधन*
    - D. ***हेल्थलिंक बी.सी. 8-1-1 सेवाएं (दूरभाष: 811)***
      *नि: शुल्क प्रांतीय स्वास्थ्य जानकारी और सलाह फोन लाइन ब्रिटिश कोलंबिया में उपलब्ध है*
    - E. ***सुसाइड क्राइसिस हैल्पलाइन (टेक्स्ट/दूरभाष: 988) https://988.ca***
      *गोपनीय, मुफ्त, आत्महत्या की रोकथाम में प्रशिक्षित उत्तरदाताओं के लिए 24 घंटे की मदद*
    - F. *मेडिकल इन्श्योरेंस प्रदाता विकल्प*



## **खंड 2**: अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम की जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय K-12 विद्यार्थियों के लिए सर्वोत्तम संभव होमस्टे अनुभव को प्रोत्साहित करने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रमों को यह कदम उठाने चाहिए:

*अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम एक स्कूल जिले या स्वतंत्र स्कूल के भीतर प्रशासनिक समूह या इकाई है जो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए व्यवस्था करता है और उनकी सहायता उस समय करता है, जब वे बी.सी. K-12 स्कूल में पढ़ रहे हैं।*



1. अभिभावक द्वारा नियुक्त संरक्षक की पहचान करें, जो प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी की देखभाल के लिए जिम्मेदार है। अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम को एक संरक्षक की अपनी अपेक्षाओं को स्पष्ट करना चाहिए।
2. अपने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के स्कूल से जुड़ने में मेजबान परिवार के माता-पिता के लिए स्पष्ट प्रक्रियाएं विकसित करें। ईएलएल / ईएसएल के साथ या फ्रेंच भाषा सीखने/फ्रेंच के साथ दूसरी भाषा सहायता, उपस्थिति और पाठ्येतर गतिविधियों के रूप में मेजबान परिवार की भागीदारी "स्कूल से जुड़ाव" को बढ़ावा देगी और विद्यार्थी को सीखने और सफल होने में सहायक होगी।
3. माता-पिता(ओं)/अभिभावक(कों) और संरक्षक के साथ संवाद करने के लिए प्रक्रियाओं और टेम्पलेट्स का विकास करना।
4. होमस्टे के दौरान उत्पन्न होने वाले विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए संघर्ष समाधान प्रक्रियाओं और प्रक्रियाओं के साथ मेजबान परिवारों की सहायता करें। अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता की स्थिति में कब और किससे संपर्क किया जाना चाहिए, इसकी स्पष्ट रूपरेखा की अत्यधिक अनुशंसा की जाती है।
5. होमस्टे परिवारों को आचार संहिता के बारे में विशिष्ट और विचारशील होने के लिए प्रोत्साहित करें। कर्फ्यू, इंटरनेट उपयोग, काम आदि जैसे विचारों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए और विद्यार्थी को सूचित किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना कि सभी जिम्मेदारियां घर के संदर्भ में विकासात्मक रूप से उपयुक्त हैं, महत्वपूर्ण है।
6. एक अतिरिक्त भाषा के रूप में अंग्रेजी या फ्रेंच सीखने में अपने अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी की सहायता करने के लिए विभिन्न प्रकार के संसाधन मेजबान परिवारों को प्रदान करें।
7. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम की कानूनी सीमाओं को प्रकाशित करें।
8. विद्यार्थी और माता-पिता(ओं)/अभिभावक(कों) के साथ एक भागीदारी समझौता विकसित करें जिसमें विद्यार्थी व्यवहार की अपेक्षाएं, विवाद समाधान प्रक्रियाएं और होमस्टे और/या स्कूल/ जिला कार्यक्रम से हटाये जाने के आधार शामिल हों।

## **खंड 3**: मेजबान परिवार की जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय K-12 विद्यार्थियों के लिए सर्वोत्तम होमस्टे अनुभव को बढ़ावा देने के लिए, मेजबान परिवार के माता-पिता(ओं) को चाहिए कि वे:

1. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एक देखभाल, पोषण और सहायक वातावरण प्रदान करें।
2. मेजबान परिवारों को लिंग, यौन झुकाव, लिंग पहचान, जाति, राष्ट्रीयता, भाषा, धर्म और संस्कृति या सांस्कृतिक विरासत के आधार पर भेदभाव से मुक्त घर प्रदान करना चाहिए।
3. होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता द्वारा स्थापित सभी नियमों/दिशानिर्देशों का पालन करें जब वे उस प्रदाता द्वारा रखे गए विद्यार्थी की मेजबानी कर रहे हों।
4. 25 वर्ष या उससे अधिक आयु का हो या अनुमोदित अपवाद के रूप में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम से अनुमोदन प्राप्त करें।
5. सुनिश्चित करें कि सभी निवासी, दीर्घकालिक मेहमान (यानी, जो दो या अधिक सप्ताह तक रहते हैं), और घर में अक्सर आने वाले 18 वर्ष से अधिक आयु के मेहमान के तौर पर कमजोर सेक्टर चेक के साथ आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में सफल रहते हैं।
6. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम और/या होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता द्वारा निर्धारित घर के अंदरूनी निरीक्षण के लिए सहमत हों।
7. होमस्टे परिवारों को अन्य छात्रों, अक्सर आने वाले मेहमानों या दीर्घकालिक मेहमानों, और जो विद्यार्थी के आने के बाद निवास करते हैं, सहित घर में रहने वाले सभी व्यक्तियों के बारे में होमस्टे प्रदाता/कार्यक्रम को सूचित करना चाहिए।
8. एक ही समय में होमस्टे में अधिकतम दो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी रहने चाहिए। घर में भाषा समूहों का मिश्रण रखने की सिफारिश की जाती है।
9. बालिग और नाबालिग दोनों अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की एक ही समय में मेजबानी करने से पहले होमस्टे प्रदाता/कार्यक्रम से परामर्श करें। ऐसी परिस्थितियों में जहां नाबालिग और वयस्क छात्रों को एक साथ रखा जाता है, नाबालिग विद्यार्थी के माता-पिता(ओं) को इस स्थिति के बारे में सूचित किया जाना चाहिए।
10. प्रत्येक दिन तीन बार पौष्टिक भोजन और स्नैक्स प्रदान करें।
11. निजी, पर्याप्त रूप से सुसज्जित बेडरूम के साथ एक साफ सुथरा घर प्रदान करें, जिसमें निम्न सुविधाएं उपलब्ध हों:
    A. *एक डेस्क, कुर्सी और होमवर्क के लिए पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था वाला स्थान*
    B. *एक बाथरूम, कपड़े और कपड़े धोने की सुविधा*
    C. *कपड़े रखने की जगह*
    D. *परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की तरह घर में प्रवेश की सुविधा (जैसे, घर की चाबी और अलार्म कोड, यदि लागू हो)*
    E. *शैक्षिक लक्ष्यों और घर के साथ लगातार संपर्क बनाये रखने के लिए इंटरनेट की सुविधा*
12. सुनिश्चित करें कि घर सुरक्षित हो और बी.सी. भवन संहिता और किसी भी स्थानीय भवन उपनियमों (जैसा लागू हो) और बी.सी. अग्निशमन संहिता और स्थानीय अग्नि सुरक्षा उपनियमों का अनुपालन करता हो।
13. विद्यार्थी की सामान्य देखभाल सुनिश्चित करें, आवश्यक होने पर चिकित्सा की व्यवस्था करें, और स्कूल, संरक्षक, होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता और अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम को किसी भी महत्वपूर्ण चिकित्सा, व्यावहारिक या मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों की रिपोर्ट करें।

*मेजबान परिवार, जिसे 'होमस्टे परिवार' के रूप में भी जाना जाता है, बी.सी. में रहने वाला एक ऐसा परिवार है जो किसी अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी का अपने घर में रहने के लिए उस समय स्वागत करता है जब यह विद्यार्थी बी.सी. K-12 स्कूल में पढ़ता है।*

[खंड 3 जारी... ]

14. स्कूल या अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम को सूचित करें यदि विद्यार्थी शराब पीता है, बिना अधिकृत या अवैध ड्रग्स लेता है या रखता है, होमस्टे कार्यक्रम या होमस्टे परिवार के नियमों का पालन नहीं करता है, या कानून तोड़ता है।
15. सुनिश्चित करें कि घर और ऑटो बीमा पॉलिसी पर्याप्त रूप से अपने घर के भीतर रहने वाले छात्रों को कवर करती है; कुछ नीतियां होमस्टे छात्रों को कवर नहीं करती हैं।
16. सुनिश्चित करें कि गृह सुरक्षा प्रणाली, विशेष रूप से कैमरा और वीडियो रिकॉर्डिंग में, विद्यार्थी को घर के बारे में सामान्य जानकारी दिये जाने की प्रक्रिया के दौरान समझाया गया है, गोपनीयता संबंधी आवश्यकताओं का अनुपालन करता है, और विद्यार्थी की गोपनीयता की उचित अपेक्षाओं के विरूद्ध नहीं है।
17. अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी और उसके माता-पिता(ओं), स्कूलों और समुदायों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देना:
    - A. *घर में विद्यार्थी की वांछित भाषा (अंग्रेजी या फ्रेंच) का उपयोग करना*
    - B. *विद्यार्थी के इंटरनेट के व्यक्तिगत उपयोग पर उचित सीमा लागू करना (यानी, घंटे/दिन की संख्या और दिन का उपयुक्त समय)*
    - C. *विद्यार्थी के लिए एक उपयुक्त और उचित सीमा और घर के नियमों पर बातचीत करना और लागू करना*
    - D. *पाठ्यक्रम के अलावा, गतिविधियों और खेलों की तलाश में विद्यार्थी की सहायता करना*
    - E. *मेजबान परिवारों और अन्य सांस्कृतिक या शिक्षा कार्यक्रमों के लिए स्कूल या जिला जानकारी कार्यक्रमों में भाग लेना*



## **खंड 4:** अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी की जिम्मेदारियां

ब्रिटिश कोलंबिया आने वाले और होमस्टे अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को चाहिए:

*अंतर्राष्ट्रीय छात्र कैनेडा में विदेशों से आए ऐसे विद्यार्थी हैं जो शिक्षा और बाल देखभाल मंत्रालय की वित्तीय पात्रता आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते और आमतौर पर किसी स्कूल जिले या स्वतंत्र स्कूल को अंतर्राष्ट्रीय छात्र ट्यूशन फीस का भुगतान करते हैं।*

*अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों को छह महीने से अधिक समय तक अध्ययन करने के इरादे से कैनेडा में प्रवेश करने के लिए कैनेडियन सरकार से अनुमोदन प्राप्त करना होगा।*

1. होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता द्वारा लागू किये गये सभी नियमों/दिशानिर्देशों का उस समय पालन करें जब कार्यक्रम प्रदाता द्वारा व्यवस्था किए जाने के बाद विद्यार्थी मेजबान परिवार के साथ रह रहे हों।
2. नगरपालिका, प्रांतीय और संघीय कानूनों का पालन करें।
3. मेजबान परिवार और स्कूल के साथ जुड़े और स्कूल और पारिवारिक जीवन में शामिल होने के अवसरों की तलाश करें।
4. अपने माता-पिता(ओं)/अभिभावक(कों) और अपने मेजबान परिवार के साथ नियमित रूप से संवाद करें।
5. मेजबान परिवार, माता-पिता/अभिभावक, संरक्षक, स्कूल के प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य या शिक्षकों, होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता या अंतर्राष्ट्रीय स्कूल कार्यक्रम के लिए, जो भी उपयुक्त हो, महत्वपूर्ण मुद्दों या चिंताओं के बारे में बातचीत करें। यदि आप यह तय नहीं कर पा रहे कि आपको किससे संपर्क करना है, तो अपने होमस्टे समन्वयक से बात करें।
6. इस बात को समझें कि जहां आवास को निजी तौर पर व्यवस्थित किया गया है, यदि ऐसा होमस्टे असुरक्षित या अनुपयुक्त माना जाता है, या यदि घर में विद्यार्थी का व्यवहार अनुचित या अस्वीकार्य है, या यदि विद्यार्थी कार्यक्रम/प्रदाता नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहता है, तो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी को होमस्टे स्थानांतरित करने या अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम से वापस भी लिया जा सकता है।
7. होमस्टे घर और संपत्ति का सम्मान करें और जिम्मेदार रहें और नुकसान के लिए जिम्मेदार पाए जाने पर पारिवारिक संपत्ति को होने वाले किसी भी नुकसान के लिए भुगतान करें।
8. इस बात को समझें कि बाल स्वास्थ्य और सुरक्षा के संबंध में निम्नलिखित संसाधन हैं:
   - A. ***बी.सी. हेल्पलाइन फॉर चिल्ड्रन (दूरभाष: 310-1234)***
     *ऐसे मामलों में कॉल की जा सकती है, जहां अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी को लगता है कि उसके साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है या वह घर या स्कूल में असुरक्षित महसूस करता है*
   - B. ***किड्स हेल्प फोन (दूरभाष: 1-800-668-6868)***
     *परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करता है*
   - C. ***केल्टी मेंटल हैल्थ रिसॉर्स सेंटर (http://keltymentalhealth.ca)***
     *मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों, मादक पदार्थों के उपयोग, दवाओं और स्वस्थ जीवन के बारे में संसाधन*
   - D. ***हेल्थलिंक बी.सी. 8-1-1 सेवाएं (दूरभाष: 811)***
     *ब्रिटिश कोलंबिया में नि:शुल्क प्रांतीय स्वास्थ्य जानकारी और सलाह फोन लाइन उपलब्ध है*
   - E. ***सुसाइड क्राइसिस हेल्पलाइन (टेक्स्ट/दूरभाष: 988)***
     ***https://988.ca*** *- गोपनीय, मुफ़्त, 24 घंटे आत्हत्या को रोकने में प्रशिक्षित प्रतिक्रिया कार्यकर्ताओं से संपर्क*

## **खंड 5**: माता-पिता/अभिभावक की जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के माता-पिता/अभिभावक को:

1. आवेदन और प्रवेश संबंधी सामग्री को सही तरह से भरना चाहिए और होमस्टे प्रोग्राम प्रदाता और मेजबान परिवार को चिकित्सा संबंधी जरूरतों और दवाओं, सीखने की विशिष्ट जरूरतों, व्यवहार या अन्य चिंताओं सहित विद्यार्थी की सभी प्रासंगिक जानकारियों का खुलासा करना चाहिए ताकि वे होमस्टे की अवधि के दौरान विद्यार्थी की सहायता और देखभाल करने में पूरी तरह से सक्षम हों।
2. होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता द्वारा बताये गये नियमों/दिशानिर्देशों से परिचित होना चाहिए, विद्यार्थी के लिए मेजबान परिवार की व्यवस्था करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने में मदद करना चाहिए कि विद्यार्थी उन अपेक्षाओं का पालन करे।

***माता-पिता किसी अंतर्राष्ट्रीय छात्र के जैविक या दत्तक माता-पिता होते हैं। अभिभावक वे व्यक्ति होते हैं, जिन्हें छात्र के माता-पिता के स्थान पर कार्य करने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत किया गया है। कानूनी अभिभावक संरक्षक से भिन्न होता है।***



3. विद्यार्थी के साथ नियमित संपर्क में रहना चाहिए ताकि यह निगरानी की जा सके कि विद्यार्थी नए देश में रहने और अध्ययन करने और एक नई भाषा सीखने के साथ-साथ आने वाले दबावों और तनावों का अच्छी तरह से उस समय सामना कर रहा है, जब वह नयी दिनचर्या के प्रति तालमेल बिठा रहा है।
4. होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता को महत्वपूर्ण चिंताओं की रिपोर्ट करनी चाहिए।
5. यह समझना चाहिए कि निजी तौर पर तलाश किए गए आवास को असुरक्षित या अनुपयुक्त माना जाता है, या यदि विद्यार्थी कार्यक्रम/प्रदाता नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहता है, तो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम के लिए विद्यार्थी को होमस्टे स्थानांतरित करने या अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम से वापस लिया जा सकता है।
6. इस बात को समझना चाहिए कि यदि घर में विद्यार्थी का व्यवहार अनुचित या अस्वीकार्य है, या यदि विद्यार्थी कार्यक्रम/प्रदाता नियमों और दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहता है, तो अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम के तहत रह रहे विद्यार्थी को किसी भी समय होमस्टे स्थानांतरित करने या कार्यक्रम छोड़ने के लिए कहा जा सकता है। ऐसे में इस कदम या कार्यक्रम की वापसी की लागत को वहन करने की जिम्मेदारी माता-पिता की हो सकती है।
7. इस बात को समझना चाहिए कि बाल स्वास्थ्य और सुरक्षा के संबंध में निम्नलिखित संसाधन हैं:
   A. ***बी.सी. हेल्पलाइन फॉर चिल्ड्रन (दूरभाष: 310-1234)***
   *19 वर्ष से कम उम्र के बच्चे या युवा के साथ दुर्व्यवहार या उपेक्षा की स्थिति में बी.सी. हेल्पलाइन फॉर चिल्ड्रन पर रिपोर्ट करने के लिए कॉल की जा सकती है। बाल कल्याण कार्यकर्ता को चिंताओं की रिपोर्ट करना कानूनी कर्तव्य है।*
   B. ***किड्स हेल्प फोन (दूरभाष: 1-800-668-6868)***
   *परामर्श और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करता है*
   C. ***केल्टी मेंटल हैल्थ रिसॉर्स सेंटर (http://keltymentalhealth.ca)***
   *मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों, मादक पदार्थों के उपयोग, दवाओं और स्वस्थ जीवन के बारे में संसाधन*
   D. ***हेल्थलिंक बी.सी. 8-1-1 सेवाएं (दूरभाष: 811)***
   *नि:शुल्क प्रांतीय स्वास्थ्य सूचना और सलाह फोन लाइन बी.सी. में उपलब्ध है*
   E. ***सुसाइड क्राइसिस हेल्पलाइन (टेक्स्ट/दूरभाष: 988)***
   ***https://988.ca** - गोपनीय, मुफ्त, आत्महत्या की रोकथाम में प्रशिक्षित उत्तरदाताओं की सेवा लेने के लिए 24 घंटे की सेवा*

## **खंड 6:** अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के एजेंट की जिम्मेदारियां

अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी और उनके परिवार कभी-कभी छात्र को अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम में स्थान दिलाने में मदद करने के लिए एजेंटों की सेवाएं लेते हैं। अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी के एजेंट:

1. विशेष रूप से होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता या अंतर्राष्ट्रीय छात्र कार्यक्रम द्वारा अनुरोध किए जाने पर माता-पिता/अभिभावक के साथ संवाद करने के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रमों, होमस्टे कार्यक्रम प्रदाताओं, और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों तथा उनके परिवारों को सहायता प्रदान करें।
2. बी.सी. K-12 अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी होमस्टे दिशानिर्देश और ब्रिटिश कोलंबिया में होमस्टे क्षेत्र की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से परिचित हों।
3. छात्रों को उनके प्रदाता द्वारा नियत मेजबान परिवार के साथ रहने पर होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता द्वारा स्थापित सभी नियमों/दिशानिर्देशों को समझने और उनका पालन करने में मदद करें।

*एजेंट बी.सी. या विदेश में स्थित सलाहकार होते हैं जिन्हें उनकी सेवाओं के लिए भुगतान किया जाता है। वे अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी की शिक्षा या यात्रा से पहलुओं की व्यवस्था करने में मदद करते हैं। ऐसे मामलों में, जहां एजेंट होमस्टे की व्यवस्था करता है, एजेंट को होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता भी माना जाएगा और उससे खंड 1 में वर्णित जिम्मेदारियों को पूरा करने की उम्मीद की जाएगी।*



# शब्दावली/परिभाषाएं

## इन दिशानिर्देशों के प्रयोजन के लिए

**संरक्षक** – वह जिम्मेदार वयस्क है, जो कैनेडियन नागरिक या स्थायी निवासी है, और उस बच्चे की देखभाल और सहायता के लिए, किसी अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम के अधिकृत दस्तावेज के माध्यम से, बच्चे के माता-पिता/अभिभावक द्वारा नियुक्त किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रमों और कैनेडियन संघीय सरकार के लिए यह आवश्यक है कि नाबालिग अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के पास ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में पढ़ाई के दौरान एक संरक्षक होना चाहिए। 17 वर्ष और उससे अधिक उम्र के नाबालिगों के लिए संरक्षक का होना वैकल्पिक है, लेकिन एक अधिकारी मामले-दर-मामले के आधार पर किसी संरक्षक को नियुक्त करने का अनुरोध कर सकता है।

**आचार संहिता** - अन्य लोगों के साथ कैसे व्यवहार और बातचीत करें, इस पर लिखित नियमों का एक संग्रह है। आचार संहिता व्यवस्था के लिए प्रांतीय मानकों के तहत, शिक्षा बोर्डों को अपने अधिकार क्षेत्र के स्कूलों के लिए एक या अधिक आचार संहिता नियत करनी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि स्कूल इन संहिताओं को लागू करें।

**अभिभावक** – बी.सी. परिवार कानून अधिनियम के तहत, किसी बच्चे के माता-पिता आम तौर पर उस बच्चे के अभिभावक होते हैं। अभिभावक वह व्यक्ति भी हो सकता है, जिसे छात्र के माता-पिता के स्थान पर कार्य करने के लिए कानूनी रूप से अधिकृत किया गया हो। अभिभावक के पास बच्चे से जुड़ी कानूनी जिम्मेदारियां और अधिकार होते हैं।

**होमस्टे** - एक अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम या उसके प्रतिनिधियों द्वारा एक ऐसी औपचारिक व्यवस्था है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी को उसके अध्ययन के दौरान एक अनुमोदित परिवार के साथ रखा जाता है। इस परिवार और इसके निवास दोनों को आमतौर पर 'होमस्टे' कहा जाता है।

**होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता** - वह व्यक्ति या संस्था है जो छात्रों को मेज़बान परिवार के साथ जोड़ कर रखती है। परिस्थितियों के आधार पर, होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता कोई स्वतंत्र स्कूल या स्कूल जिला, अंतर्राष्ट्रीय छात्र कार्यक्रम द्वारा अनुबंधित कोई कंपनी या संगठन, या ऐसा व्यवसाय या व्यक्ति हो सकता है जो अंतर्राष्ट्रीय छात्र कार्यक्रम के साथ संबंधित नहीं है।

**मेजबान परिवार या होमस्टे परिवार** - वह परिवार है जिसके साथ अंतर्राष्ट्रीय छात्र होमस्टे के दौरान रहता है।

**अंतर्राष्ट्रीय छात्र** - कैनेडा में विदेश से आने वाले वे विद्यार्थी है, जो शिक्षा मंत्रालय की फंडिंग पात्रताओं को पूरा नहीं करते और आमतौर पर स्कूल जिले या स्वतंत्र स्कूल को अंतर्राष्ट्रीय छात्र ट्यूशन फीस का भुगतान करते हैं। अनेक अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को छह महीने से अधिक समय तक अध्ययन करने के इरादे से कैनेडा में प्रवेश करने के लिए कैनेडियन सरकार से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

**अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम** - स्वतंत्र स्कूल या स्कूल जिले की एक प्रशासनिक इकाई है। अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों की शिक्षा, आवास और देखभाल का प्रबंधन, सुविधा या व्यवस्था करता है।

**नाबालिग बच्चा** - 19 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता है। नाबालिग बच्चों को अभिभावक या संरक्षक द्वारा निश्चित देखभाल की आवश्यकता होती है।

**माता-पिता** - बच्चे के जैविक या दत्तक माता-पिता के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**निजी और/या स्वतंत्र रूप से नियत किया गया आवास** – ऐसा आवास है जो किसी अंतर्राष्ट्रीय छात्र के लिए तय किया गया है और इसे किसी स्कूल या स्कूल जिले द्वारा अनुमोदित होमस्टे कार्यक्रम प्रदाता द्वारा प्रदान नहीं किया जाता है।

**निवास/बोर्डिंग** - उस आवास के लिए इस्तेमाल किया जाता है जहां दो या दो से अधिक नाबालिग छात्र आमतौर पर स्कूल की संपत्ति पर साथ-साथ रहते हैं, और बी.सी. द्वारा प्रशासित होते हैं। स्वतंत्र विद्यालय निवास/बोर्डिंग से जुड़ी स्थितियां इन दिशानिर्देशों में शामिल नहीं हैं।

**स्कूल जुड़ाव** - एक ऐसा शब्द है जिसका उपयोग शिक्षकों द्वारा उस जुड़ाव के स्तर का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो एक छात्र अपने स्कूल के लिए महसूस करता है। शोध से पता चलता है कि किसी स्कूल और उसमें रहने वाले वयस्कों के साथ जुड़ाव से स्कूल में प्रदर्शन बेहतर होता है।

ब्रिटिश कोलंबिया

# K-12 अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थी होमस्टे दिशानिर्देश – 2024

BRITISH COLUMBIA

Ministry of Education and Child Care



[Hindi]